


# षोडश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-10 बृहस्पतिवार, दिनांक-10 मार्च, 2016 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.20 बजे अप० तक ।

[1] अन्य चर्चा :-

प्रश्नोत्तर काल प्रारम्भ होने के पूर्व माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र के व्यवस्था के प्रश्न पर माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा नेता प्रतिपक्ष और अन्य माननीय सदस्यों से आग्रह किया गया कि विधान सभा भवन में प्रवेश द्वार पर अगर किसी प्रकार का विरोध प्रदर्शन करते हैं तो उसमें कम-से-कम माननीय सदस्यों या स्टाफ का आना-जाना, आवागमन बाधित नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाए ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-'क' 410 पर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 113 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] नियमन :-

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय के प्वाइंट ऑफ आर्डर पर आसन द्वारा निम्न नियमन दिया गया :-

''यह एक स्थापित प्रक्रिया है कि जो प्रश्न अनागत होते हैं, उन प्रश्नों के उत्तर विभाग द्वारा दिये जाते हैं, वह सरकार सुनिश्चित करेगी कि जिन प्रश्नों को आज सदन में नहीं लिया जा सका है या दूसरे दिन भी जो सूचीबद्ध होते हैं लेकिन यहां पर नहीं आ पाते हैं, उन प्रश्नों के उत्तर भी विधान सभा सचिवालय को विभागों द्वारा उपलब्ध करा दिये जायें जिससे कि उसके उत्तर की सूची बनाकर माननीय सदस्यों के बीच वितरित कर दिया जाय ।''

[4] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी, श्री विनोद कुमार सिंह, श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री मिथिलेश तिवारी, श्री विद्या सागर केशरी, श्री अरुण कुमार सिन्हा एवं श्री तारकिशोर प्रसाद से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गयी ।

[5] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

| | |
|---|---|
| (i) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह | (ii) श्री नीरज कुमार सिंह |
| (iii) श्री मुंद्रिका सिंह यादव | (iv) श्री ललन पासवान |
| (v) श्री (डॉ०) रामानुज प्रसाद | (vi) श्री समीर कुमार महासेठ |
| (vii) श्री विनोद प्रसाद यादव | (viii) श्री सत्यदेव राम |
| (ix) श्री सुदामा प्रसाद | (x) श्री महबूब आलम |
| (xi) श्री विनोद कुमार यादव | (xii) श्री (डा०) सी०एन० गुप्ता |

[6] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री मुंद्रिका सिंह यादव का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री श्री (डॉ०) मदन मोहन झा द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री तारकिशोर प्रसाद एवं श्री नितिन नवीन का योजना एवं विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपुष्ट हुआ ।

[7] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

माननीय प्रभारी मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा संसदीय कार्य विभाग का अधिसूचना संख्या-738, दिनांक 05.08.2008 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया तथा यह 14 दिनों तक सदन के पटल पर रखा रहेगा ।

"इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न माँगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।"

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[8] वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों (पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग) पर वाद-विवाद तथा मतदान :-

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं अपना पक्ष रखा ।

अनुदान की माँग पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री भोला यादव

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया)

| | |
|---|---|
| (ii) श्री ललन पासवान | (iii) श्री मुजाहिद आलम |
| (iv) श्री विजय शंकर दूबे | (v) श्रीमती आशा सिन्हा |
| (vi) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति यादव | (vii) श्री राजू तिवारी |
| (viii) श्री सत्यदेव राम | (ix) श्री अभय कुमार सिन्हा |

(x) श्री राणा रणधीर सिंह
(xi) श्री नीरज कुमार
(xii) श्री जनार्दन मांझी
(xiii) श्री राम विलास पासवान
(xiv) श्री लक्ष्मेश्वर राय
(xv) श्री शकील अहमद खाँ
(xvi) श्री सुरेन्द्र कुमार

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया।

''सरकार के उत्तर के दौरान असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए।''

तदुपरांत माननीय सदस्य श्री विनोद कुमार सिंह का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

[9] निवेदन :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-24 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार दिनांक 11 मार्च, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक-10 मार्च, 2016

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।